# बाघ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

## डॉग स्क्वॉड सहित वन अमला मौके पर मौजूद, पोस्टमार्टम के बाद प्रोटोकॉल के तहत किया गया अंतिम संस्कार

**बाघों का आपसी संघर्ष बना मौत का कारण**

**केवलारी नवभारत। सिवनी जिले के वन परिक्षेत्र केवलारी अंतर्गत ग्राम कालीमाटी से लगे जंगल में एक वयस्क बाघ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला, फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम, डॉग स्क्वॉड तथा वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी।**





प्रारंभिक जांच में वन विभाग ने बाघ की मौत का कारण दो बाघों के बीच हुआ आपसी संघर्ष बताया है। हालांकि विभाग ने घटनास्थल से सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर मामले की विस्तृत जांच भी की, ताकि किसी अन्य संभावित कारण की भी पुष्टि की जा सके।

वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों की उपस्थिति में बाघ का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बाघ का अंतिम संस्कार किया गया।

> घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों एवं वन्यजीव प्रेमियों में चिंता का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल के आसपास एकत्र होने लगे, जिसके चलते वन विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी। मौके पर मौजूद वन अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बाघों के आपसी संघर्ष के पर्याप्त संकेत मिले हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी इसी दिशा में इशारा करती है। फिर भी विभाग सभी पहलुओं की औपचारिक जांच पूरी कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूरी कार्रवाई पारदर्शी ढंग से संपन्न की गई है।

### भाजपा मंडल कान्हीवाड़ा की कामकाजी बैठक आयोजित

कान्हीवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा की मासिक एवं कामकाजी बैठक रविवार को उत्सव पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों एवं डिजिटल लर्निंग अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, बरघाट विधायक कमल मर्शकोले, पूर्व विधायक राकेशपाल सिंह, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर सहित प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुमेर सिंह सोलंकी ने बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों से संवाद करते हुए डिजिटल लर्निंग अभियान के लक्ष्य समय पर पूरे करने पर जोर दिया। मीना बिसेन ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत कुडो मुंडरई के सरपंच सोनेलाल उइके तथा ग्राम पंचायत लुगंशा के रोहित सूर्यवंशी, संत कुमार सूर्यवंशी और सोनू सूर्यवंशी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# लव मैरिज के बाद परिवार का सामाजिक बहिष्कार

**चार साल से न्याय की तलाश में भटक रहा परिवार, पूर्व सैनिक ने दी आत्मदाह की चेतावनी**




**कुरई नवभारत।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव की झिरियाटोला से सामाजिक बहिष्कार का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बेटी द्वारा अपनी पसंद से विवाह (लव मैरिज) करने के बाद आदिवासी समाज के कुछ लोगों ने पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि पिछले चार वर्षों से वह न्याय की उम्मीद में पुलिस और प्रशासन के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

पीड़ित रायसिंह मार्सकोले, जो पूर्व में सुरक्षा बल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, का आरोप है कि उनकी बेटी ने अपनी इच्छा से विवाह किया था। इसके बाद समाज के कुछ लोगों ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को समाज से अलग कर दिया। उनका कहना है कि सामाजिक बहिष्कार के कारण परिवार को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रायसिंह मार्सकोले ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार कुरई थाना एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायतें दीं, लेकिन आज तक किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल पाया, जिससे उनका कानून और प्रशासन पर से विश्वास उठने लगा है।

पीड़ित ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वह अपने परिवार सहित कलेक्टर कार्यालय के सामने आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। यह मामला एक बार फिर सामाजिक कुरीतियों और सामाजिक बहिष्कार जैसी प्रथाओं पर सवाल खड़े करता है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता बल्कि कानून द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

## एक नजर में

### कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने गनेश

सिवनी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन के विभिन्न विभाग एवं प्रकोष्ठो में युवाओं को जोड़कर उन्हें उचित सम्मान देने एवं पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सुश्री नेहापालीवाल जी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी की अनुशंसा से जिला कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष गनेश भगत को नियुक्त किया गया है। श्री भगत द्वारा जिला कार्यकारणी घोषित की गई जो इस प्रकार है। जिला उपाध्यक्ष खुशाल बघेल, सलमान खान, श्याम बोपचे, विकास सूर्यवंशी, राजेन्द्र राहंगडाले। जिला महासचिव अखलेश, विशाल बघेल, सौरभ बघेल, कार्तिक राय, प्रदीप उइके, अमन कुरैशी, पुरेन्द्र राने, अरूण हरदे, अंकित ठाकुर, इंद्रकुमार गुलाही, देवी कसराम, राजेश भलावी, विनोद अहिरवार, अवनीश बिसेन, दिनेश पटले, विनोद मरावी, विशांत काकोडिया, अंकित साहू, मनोज राहंगडाले, तरूण गोडुन्डे, अंकित साहू, मोहित बघेल, गंगेश तेकाम, शबाना खान की नियुक्ति की गई है।

### लकड़ी मारकर फोड़ा सिर

सिवनी। बंडोल थाना क्षेत्र के सागर गांव में राशन लेकर घर लौट रहे एक युवक पर रास्ते में हमला कर दिया गया। विवाद के दौरान आरोपी ने लकड़ी से वार कर उसका सिर फोड़ दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार सागर गांव निवासी शिवकुमार सेन राशन दुकान से राशन लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के राकेश यादव ने विवाद करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# महिला जिलाध्यक्ष बनने पर समाज ने किया सम्मान



**सिवनी नवभारत।** जिले में जब से कतिया समाज का नया संगठन बना है तब से लगातार निरंतर समय-समय पर समाज के हित के लिए नए-नए काम सहित समाज में जो भी अच्छा काम समाज के हित के लिए करता है उसका भी सम्मान करना समाज के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है इससे पहले समाज ऐसा कोई काम नहीं करता था जिससे मनोबल बढ़े। इसके अलावा अनेको कार्य इस संगठन द्वारा लगातार काम देखने और सुनने को मिल रहा है जिससे समाज में एकता दिखाई दे रही है जिसका जीता जागता उदाहरण दिनांक 12/ 07/ 2026 को कतिया समाज समिति शाखा सिवनी पंजीयन 10277 के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष कृष्णाकुमार डोंगरे, नगर अध्यक्ष दयाराम उर्फ बबलू कौशले , कोषाध्यक्ष डी डी नाग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपाल भारद्वाज, सक्रिय सामाजिक सदस्य डालचंद बंजारे, सदस्य आशीष उर्फ गोलू नागोत्रा तथा अन्य सामाजिक बंधुओं के साथ समाज की गौरव निशा नाग जी को भारतीय जनता पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर आज उनके निवास में पहुंचकर बधाई दिया गया ।

# एसडीएम के अंतरिम आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण जारी होने का आरोप

**छपारा नवभारत।** भीमगढ़ कॉलोनी से लगे हुए सालीवाडा रैयत में अवैध तरीके से शासकीय भूमि पर निर्माण किया जा रहा है जिसके पीछे एक गल्ला व्यापारी के द्वारा गोदाम बनाए जाने के आरोप लग रहे हैं वहीं इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है जिसकी शिकायत कलेक्टर से लेकर एसडीएम तक को की गई है वहीं एसडीएम के द्वारा इस पर एक स्थगन आदेश जारी किया गया है इसके बावजूद भी धड़ाधड़ने से निर्माण कार्य तरीके से जारी है बताया जाता है कि ग्राम सालीवाड़ा में भूमि विवाद को लेकर एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई है। मामले में लखनादौन के अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 164 के तहत अंतरिम आदेश जारी किए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता पक्ष ने आरोप लगाया है कि दूसरे

### ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस चौकी प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

पक्ष द्वारा विवादित भूमि पर लगातार अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि न्यायालय के आदेश की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिससे क्षेत्र में विवाद और बढ़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सालीवाड़ा निवासी गोपाल पिता रामप्रसाद ने भूमि विवाद को लेकर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में बताया गया था कि विवादित भूमि पर दूसरे पक्ष द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे किसी भी समय शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है। मामले की सुनवाई के बाद स्थ्ठरू न्यायालय ने प्रथम दृष्टया विवाद और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए अंतरिम आदेश जारी किया था।



### ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाए पक्षपात के आरोप

घटना के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय आरोपी पक्ष का पक्ष ले रही है। उनका कहना है कि न्यायालय का आदेश होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुकवाया गया, जिससे लोगों में प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने भीमगढ़ कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता की बात सुनने के बजाय आरोपी पक्ष का समर्थन किया गया। इस दौरान मौके पर हुई बहस और विवाद के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें ग्रामीण पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

ग्रामीणों और शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने तथा विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं आरोपी पक्ष का पक्ष भी अभी सामने आना बाकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

### निर्माण रोकने पहुंचे तो हुआ विवाद

शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बाद भी आरोपी पक्ष ने निर्माण कार्य बंद नहीं किया। जब शिकायतकर्ता अपने परिजनों एवं ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा और न्यायालय के आदेश का हवाला देकर निर्माण कार्य रोकने की बात कही, तब दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई और काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा।

# अब बाहुबली चौक में बनेगा स्तंभ, समाज के सभी लोग हुए राजी

**सिवनी नवभारत।** नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा परिषद की बैठक में बाहुबली चौक को लेकर विभिन्न प्रकार की बात सामने आई हम उन सब चीजों पर नहीं जाना चाहते लेकिन बैठक में हुई चर्चा के दौरान यह बात सामने आई है कि बाहुबली चौक का विकास होना जरूरी है और इसके लिए यहां पर स्तंभ बनाए जाने हेतु भाजपा के जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल द्वारा इसमें आने वाले खर्च को लेकर भी अपनी बात रखी गई है निश्चित ही किसी चौक चौराहे का नाम परिवर्तन बिना लोगों से चर्चा के किया जाना न्याय संगत नहीं है लेकिन इस संबंध में जो भी वार्तालाप के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कहा गया है कि बाहुबली चौक का नाम परिवर्तित नहीं किया जाएगा और पूर्व की भांति जिसका नाम बाहुबली चौक ही रहेगा इस बात को लेकर यह विवाद यहीं समाप्त हो जाता है इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रसन्न मालू राजा बघेल अतुल मालू सहित अनेक नेताओं में राजिक अकिल ने भी इस मामले को गंभीरता के साथ उठाया और इस चौक को बाहुबली चौक के नाम से ही पहचाना जाए इसे किसी



भी कीमत में परिवर्तित ना किया जाए जिसको लेकर अपनी बात रखी इस संबंध में जैन समाज के अध्यक्ष पवन दिवाकर ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका में लिए गए प्रस्ताव को वापस लिया जाना उनकी उदारता का प्रतीक है इसमें किसी प्रकार की वैमनस्यता या दुर्भावना का प्रादुर्भाव नहीं होता बल्कि एक सामान्य गलती कहीं जा सकती है जैन धर्म में अहिंसा ,दया ,क्षमा ,जैसे सिद्धांतों को महत्व दिया गया है और बाहुबली चौक को लेकर भी जो बात सामने आई है वह जैन समाज के साथ-साथ जनहित में भी है यह बाहुबली चौक में भविष्य में बनने वाले स्तंभ को लेकर सभी दल एवं समाज के लोगों से आग्रह है कि वह इसके निर्माण में कार्रवाई हेतु सहयोग प्रदान करें।

**उदय पवार ने क्षेत्र में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों की शिकायत करने का किया आह्वान**

# खामी के बोपचे निवास पर चोरों ने लगाई सेंध

**बरघाट नवभारत। बरघाट के समीप ग्राम खामी में** 10 **जुलाई की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा देवेंद्र बोपचे के निवास पर सेंध लगा कर सोना, चांदी एवं नगद रकम पार कर लगभग दो से तीन लाख रुपए तक की चोरी कर ली गई।**

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खामी निवासी देवेंद्र बोपचे रात्रि में खाना खाने के बाद सो गए थे, सुबह जब पहले उनकी पत्नी उठी तो दरवाजा नहीं खुला उन्होंने अपने पति देवेंद्र बोपचे को उठाया और कहा कि दरवाजा नहीं खुल रहा है शायद बाहर से बंद है। जब देवेंद्र के द्वारा भी दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया तो दरवाजा नहीं खुला ,दोनों ने झटका देकर दरवाजा खोला और देखा कि पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है तब उन्होंने घर में पाया कि आलमारी व संदूक का भी ताला टूटा है जिस पर रखे सोने की चैन एवं सात चांदी के सिक्के और नगद रकम अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई।



देवेंद्र के द्वारा तुरंत मोहल्ले में लोगों को जानकारी दी गई और 112 लगाकर इसकी शिकायत की।

देवेंद्र बोपचे ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन देते हुए घर से चोरी हुए सात चांदी के सिक्के एवं सोने की चेन के साथ नगद 96000 चोरी किए जाने की शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया।

बताया जाता है कि इसी रात्रि खामी में रितु पटले के निवास स्थान पर भी भी दो लाख की चोरी की गई, एवं एक अन्य स्थान पर अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़ चोरी करने का प्रयास किया गया है लेकिन वहां सफल नहीं हो पाए ।

ग्राम के उदय पवार पिता देवेंद्र बोपचे ने ग्राम वासियों से अपील किया है कि क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बहुत हो रही है सभी सतर्क रहें घर में पहरेदारी अवश्य करें और संदिग्ध व्यक्तियों की पुलिस थाना में शिकायत अवश्य करें।

# पीएम राहत योजना दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 7 दिन तक 1 .5 लाख तक का नि :शुल्क उपचार

**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक दुर्घटना पीड़ितों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिले के निजी अस्पताल संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं ऑनलाइन आवेदन संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के मामलों में



घायल व्यक्ति को दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती होने पर 7 दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख तक का निश्शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में अब तक 56 प्रकरणों में उपचार के लिए स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा अस्पतालों के खातों में राशि भी हस्तांतरित की गई है। योजना के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल सहित कई निजी अस्पताल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि योजना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होती है। प्रस्तुतीकरण के दौरान ऑनलाइन आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अस्पताल प्रबंधकों से प्रत्येक पात्र दुर्घटना पीड़ित को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए ।बैठक में डीआरएम अमोल शुक्ला ने जिन अस्पतालों का अभी तक योजना में पैनल नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र आवेदन कर पैनल में शामिल होने तथा सभी पात्र दुर्घटना प्रकरणों में योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे, डीपीएम डॉ. शैलेश डेहरिया, संदीप सोनकेसरिया, डीआरएम अमोल शुक्ला तथा जिले के निजी अस्पतालों के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

**आरोप** | **शासकीय जमीन पर बड़ा सवाल, ग्राम पंचायत ने कलेक्टर से वापस मांगी जमीन**

# लीज की जमीन का एनएचआई कैसे बना भूमि स्वामी

**सिवनी नवभारत।** जिले की ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क में स्थित शासकीय घास मद की भूमि को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। ग्राम पंचायत, सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर खसरा क्र. 209, रकबा 3.00 हेक्टेयर की शासकीय भूमि ग्राम पंचायत को वापस दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह भूमि वर्ष 2015 में केवल ट्रांसपोर्ट नगर एवं कॉम्प्लेक्स निर्माण के उद्देश्य से एनएचआई सद्भावना कंपनी को आवंटित की गई थी, लेकिन आज तक उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हुई ।ग्रामीणों का कहना है कि अब इसी भूमि पर किसी



निजी कंपनी द्वारा रिसॉर्ट निर्माण की तैयारी की जा रही है, जिसका ग्राम पंचायत और क्षेत्र के लोग खुलकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत की सहमति के बिना इस तरह का उपयोग स्वीकार्य नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि ट्रांसपोर्ट नगर की अब आवश्यकता नहीं है तो उक्त भूमि ग्राम पंचायत को वापस सौंपी जाए। ग्राम पंचायत अपने स्तर पर वहां व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स विकसित कर सकती है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और पंचायत की आय में भी वृद्धि होगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे प्रकरण की जांच कर शासकीय भूमि के आवंटन, स्वामित्व परिवर्तन और वर्तमान उपयोग की वैधानिक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

> **उठ रहे गंभीर सवाल**
> पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिस शासकीय भूमि को निर्धारित उद्देश्य के लिए लीज पर दिया गया था, वह वर्ष 2020 के बाद अचानक एनएचआई के नाम भूमि स्वामी के रूप में कैसे दर्ज हो गई? ग्रामीणों का कहना है कि यह विषय जांच का है और प्रशासन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। दुकानदारों को नोटिस से बढ़ी चिंता ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी मांग की है कि भूमि पर वर्षों से छोटे-छोटे व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को दिए गए नोटिस तत्काल निरस्त किए जाएं। उनका कहना है कि इन टपरी और छोटी दुकानों से कई गरीब परिवारों का जीवन-यापन चलता है। यदि उन्हें हटाया गया तो अनेक परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तीन बड़ी कार्रवाई, मॉडीफाइड साइलेंसर जब्त

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं चोरी के मामले में एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम के पर्यवेक्षण में जिले में तीन महत्वपूर्ण पुलिस कार्रवाई की गई। न्यायालय परिसर में मॉडीफाइड साइलेंसर लगी बुलेट पर कार्रवाई कोतवाली पुलिस ने जिला न्यायालय परिसर के पास तेज आवाज वाले मॉडीफाइड साइलेंसर से हुड़दंग मचा रहे बुलेट वाहन क्रमांक एमपी 22 एमपी 6367 को पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119/190(2) के तहत कार्रवाई की। चालक से 1,000 का समन शुल्क वसूला गया तथा मॉडीफाइड साइलेंसर जब्त कर भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी एवं थाना कोतवाली के पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

### यातायात पुलिस की विशेष चेकिंग में 37,400 का जुर्माना

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। नियमों का उल्लंघन करने वाली 4 स्कूल बसों पर 11,000 तथा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन कर रहे 44 ऑटो चालकों पर 26,400 का जुर्माना लगाया गया। कुल 37,400 का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन, बस संचालकों एवं ऑटो चालकों को यातायात नियमों और सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन का पालन करने की चेतावनी दी।

### अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार



डुण्डासिवनी पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने डुण्डासिवनी थाना क्षेत्र की 4 एवं कोतवाली थाना क्षेत्र की 1, कुल 5 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से 7 .27 लाख कीमत का चोरी का मशरूका, जिसमें 28,440 नकद, सोने-चांदी के आभूषण एवं दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं, बरामद किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया। सराहनीय भूमिका- चोरी के मामले में थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक निसार खान, सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण त्रिगाम, प्रधान आरक्षक नितेश राजपूत, आरक्षक संजय यादव, योगेन्द्र चौहान, रणजीत पटले, संजू उइके, आशीष ठाकरे, रवि धुर्वे, रघुराज यादव, धनराज बरकड़े, हिमेन्द्र सहारे, मोहसीन आजमी, नीरज दुबे, अजय मिश्रा एवं खिलेन्द्र गौतम की सराहनीय भूमिका रही